बिहार सरकार

# समाहरणालय, बाँका
## (जिला योजना कार्यालय)

# अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– 01/2025–26

योजना एवं विकास विभाग बिहार पटना के पत्रांक 4918/यो0वि0 दिनांक 03.09.2024 एवं पत्रांक 1628/यो0वि0 दिनांक 01.01.2025 तथा नीति आयोग भारत सरकार No A/8/2023- Administration (Part1) दिनांक 06.02.2025 के आलोक में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत बांका जिले में 03 आकांक्षी प्रखंड यथा चांदन, कटोरिया एवं शंभूगंज के लिए कुल 03 Aspirational Block Fellow का पद मौजूदा संविदा से आउटसोर्सिंग प्रक्रिया में परिवर्तित करने के प्राप्त निदेश के आलोक में आउटसोर्सिंग एजेंसी के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफा में देना होगा। पहला लिफाफा तकनीकी बीड एवं दुसरा लिफाफा वित्तीय बीड का होगा। लिफाफों पर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड लिखना अनिवार्य होगा। दोनों सीलबन्द लिफाफों को एक अन्य सीलबन्द लिफाफे के अन्दर रखा जायेगा। सभी लिफाफों पर निविदादाताओं को अपने एजेंसी का नाम अंकित करना होगा। लिफाफा बिल्कुल सीलबन्द होना अनिवार्य है।

निविदा **दिनांक– 25.04.2025 के 03:00 बजे अपर्राह्न** तक जिला योजना कार्यालय, बाँका में जमा किया जाना है। प्राप्त **निविदा को उक्त तिथि को 03:30 बजे अपर्राह्न** में अपर समाहर्त्ता–सह–अध्यक्ष जिला क्रय समिति, बाँका के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि क्रय समिति की बैठक में भाग ले सकते हैं। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्तें बाँका जिले के वेबसाईट https://banka.nic.in पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका का समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना कार्यालय, बाँका से सम्पर्क किया जा सकता है।

## Qualification For Candidate :-

| Number of Post | Name of Position | Location/Roaster | Age limit as of 01/08/2024 | Eligibility |
|---|---|---|---|---|
| 03 | Aspirational Block Fellow | Katoriya-(UR-1)<br>Sambhuganj-(BC-F-1)<br>Chandan-(SC-1) | 21-37 year<br>21-40 year<br>21-42 year | 1. Post Graduate in any discipline from a reputed institution.<br>2. Experience of working/ internship with reputed and registered Development Organisation.<br>3. Should Possess data analysis and presentation skills.<br>4. Should be conversant with use of social media.<br>5. Should possess Project Management Skills.<br>6. Self-driven with good communication skills<br>7. Knowing the local language of the respective Aspirational Block is a requirement for all Aspirational Block Fellows. |

**Note**- Preference will be given to candidates who have completed their higher education in the development/rural stream.

**Role of Aspiration Blocks Fellows :**

I. Collaborating with Block level officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematic areas.

II. Conducting regular field visits to assess project implementation, address challenges and collect ground-level insights.
III. Analyzing data and providing evidence-based recommendations to BLOs, District level Officials to optimize developmental initiatives.
IV. Organizing workshops, awareness campaigns and skill-building programs to empower the local community.
V. Keeping States and NITI Aayog abreast with the issues, challenges and need for support.

## तकनीकी निविदा की शर्तेः–

1. निविदादाता कोई भी निबंधित कम्पनी, फर्म या संस्था हो सकता है जो न्यूनतम पाँच साल से कार्यरत हो।
2. निविदादाता को अग्रधन की राशि के रूप में रू०–10,000.00 (मो० दस हजार रूपये) मात्र का RBI के अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक का लौटाने योग्य बैंक ड्राफ्ट जो निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का बना हो तथा जो जिला योजना पदधिकारी, बाँका के पद्नाम से भुग्तेय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाताओं फर्म को वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम, 2017 (GST) के अन्तर्गत निबंधन से सम्बंधित प्रमाण–पत्र तथा जी०एस०टी० रिटर्न की अद्यतन तीन माह (मार्च 2025) का चालान विवरणी संलग्न करना होगा।
4. निविदादाता को पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का आयकर रिटर्न एवं विगत तीन वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 का ऑडिट रिपोर्ट संलग्न करना होगा।
5. निविदादाता को वित्तीय वर्ष 2023–24 में कम से कम दो करोड़ का टर्न ओवर होना चाहिये जिसका सी0ए0 द्वारा प्रमाण पत्र निर्गत किया गया हो।
6. आवंटित कार्य की Sub Contracting की अनुमति  किसी भी परिस्थिति मे मान्य नहीं होगा। इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा
7. निविदादाता फर्म का स्थानीय कार्यालय बिहार में होना अनिवार्य है, जिसका स्वामित्व प्रमाण पत्र/बिजली बिल /किराया की स्थिति में मकान मालिक से अनुबंध की प्रति या किराया प्राप्ति रसीद की प्रति संलग्न करनी होगी।
8. निविदादाता फर्म को किसी सरकारी/गैर सरकारी संस्था द्वारा काली सूची (Blacklisted) में दर्ज नहीं होने एवं पुरे भारतवर्ष अंतर्गत किसी भी सरकारी कार्यालय द्वारा कार्य आंवटित होने के बाद कार्य से असम्बद्ध या हटाया नहीं गया है। इस आशय का शपथ–पत्र (मूल प्रति में) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. फर्म को EPFO (Employees' Provident Fund Organisation) एवं ESIC (Employees' State Insurance Scheme) के अंतर्गत निबंधित होने का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।
10. निविदादाता को निविदा की सभी शर्तें मान्य है, से संबंधित नोटरी पब्लिक द्वारा निर्गत शपथ पत्र जो निविदा प्रकाशन की तिथि के बाद का बना हो मूल में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

## सामान्य शर्तेः–

1. सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में सफल होने वाले फर्म का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
2. निर्धारित न्यूनतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से न्यून एवं निर्धारित अधिकतम सेवा शुल्क की अधिसीमा से उच्च दर अंकित करने वाले निविदादाता की वित्तीय निविदा विचारणीय नहीं होगी।
3. निविदा में यदि एक से अधिक निविदादाता द्वारा उद्धृत (Quoted) न्यूनतम सेवा शुल्क की दर समान पाई जाती है तो वैसी स्थिति में लॉटरी के माध्यम से निविदा का निष्पादन किया जायेगा तथा इस पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी करायी जायेगी। निविदा के निष्पादन की पूरी प्रक्रिया में बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों का अनुपालन अपेक्षित होगा।
4. निविदा में सफल आउटसोर्सिंग एजेंसी को नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप योग्यता युक्त प्रत्येक सीट के लिए तीन (योजना एवं विकास विभाग द्वारा तैयार किये गये रोस्टर के अनुसार)

अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करना होगा, जिसमें योग्यता परीक्षण उपरांत प्रत्येक सीट के लिए एक अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

5. नीति आयोग भारत सरकार D.O No A/8/2023 Administration (Part1) Date 02-01-2025 & 06.02.2025 के आलोक में निविदा में सफल आउटसोर्सिंग एजेंसी को भुगतान की जाने वाली कुल राशि मो0 55000.00 (पचपन हजार) रू0 में Aspirational Block Fellow का मानदेय, सभी तरह के कर, शुल्क एवं कटौती शामिल रहेगा।
6. आउटसोर्सिंग एजेंसी को मानव बल की सेवा हेतु सेवा शुल्क न्यूनतम 3.85 प्रतिशत (3 प्रतिशत लाभ और 0.85 प्रतिशत संव्यवहार शुल्क के रूप में) तथा अधिकतम 7 प्रतिशत (संव्यवहार शुल्क सहित) होगी।
7. सफल निविदादाता को निविदा निष्पादन के उपरांत एकरारनामा करना होगा।
8. अधूरा / सशर्त निविदा, फैक्स / ई–मेल से दिये गये निविदा तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
9. वित्तीय या तकनिकी निविदा खुलने के उपरान्त यदि अपूर्ण / बगैर हस्ताक्षर / बगैर मुहर के निविदा पाया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा।
10. निविदा प्रपत्र में दिये गये विवरण के आलोक में निविदा समर्पित करना होगा।
11. बिना कारण बताए निविदा को अस्वीकार / रद्ध / संशोधित करने का अधिकार जिला पदाधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. किसी भी प्रकार का विवाद का निपटारा व्यवहार न्यायालय बाँका, के क्षेत्राधिकार में ही होगा।
13. तकनीकी निविदा में उपलब्ध कराये गये सभी कागजात को स्व हस्ताक्षरित एवं क्रमांकित करना अनिवार्य होगा।
14. निविदादाता द्वारा निविदा में संलग्न कागजात / दस्तावेज, प्रमाण–पत्र एवं विवरणी असत्य पाये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

15/4/25

अपर समाहर्त्ता
बाँका।